प्रेषक,

महाप्रबन्धक–पी0एम अभीम एवं
15वां वित्त आयोग कार्यकम
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद–देवरिया

पत्रांक–एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्क पर्यवेक्षण–देवरिया/2023–24 9672 दिनांक 12 मार्च, 2024

**विशय–राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 29 मई से 02 जून, 2023 तक किये गए पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किए जाने सम्बन्धी विशयक।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 29 मई से 02 जून, 2023 तक जनपद देवरिया की चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। राज्य स्तरीय दल द्वार जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवेक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर पर भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गई है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेशित की जा रही है।

आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या 07 कार्यदिवसों में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–पर्यवेक्षण आख्या**

भवदीय,

12/03/24

(डा0 मिलिन्द वर्धन)
महाप्रबन्धक–पी0एम0 अभीम
नोडल अधिकारी–एस0एस0वि0

पत्रांक–एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्क पर्यवेक्षण–देवरिया/2023–24 तद्दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित'

1. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, मण्डल–गोरखपुर।
2. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डल–गोरखपुर।
3. समस्त महाप्रबन्धक/अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
4. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जनपद–देवरिया को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 मिलिन्द वर्धन)
महाप्रबन्धक–पी0एम0 अभीम
नोडल अधिकारी–एस0एस0वि0

प्रेषक,

महाप्रबन्धक–पी0एम अभीम एवं
15वां वित्त आयोग कार्यकम
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद–देवरिया

पत्रांक–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्क पर्यवेक्षण–देवरिया / 2023–24 दिनांक 12 मार्च, 2024

**विशय–राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 29 मई से 02 जून, 2023 तक किये गए पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किए जाने सम्बन्धी विशयक।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 29 मई से 02 जून, 2023 तक जनपद देवरिया की चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। राज्य स्तरीय दल द्वार जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवेक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर पर भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गई है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेशित की जा रही है।

आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या 07 कार्यदिवसों में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–पर्यवेक्षण आख्या

भवदीय,

(डा0 मिलिन्द वर्धन)
महाप्रबन्धक–पी0एम0 अभीम
नोडल अधिकारी–एस0एस0वि0

पत्रांक–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्क पर्यवेक्षण–देवरिया / 2023–24 / 9672-4 तद्दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित'

1. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, मण्डल–गोरखपुर।
2. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डल–गोरखपुर।
3. समस्त महाप्रबन्धक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
4. जिला कार्यकम प्रबन्धक, जनपद–देवरिया को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

12/03/2024

(डा0 मिलिन्द वर्धन)
महाप्रबन्धक–पी0एम0 अभीम
नोडल अधिकारी–एस0एस0वि0

<u>सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या</u>
<u>जनपद–देवरिया</u>
<u>भ्रमण दिनांक–29 मई, 2023 से 02 जून, 2023</u>

<u>पर्यवेक्षक–</u>

- श्री अजय कुमार शर्मा–टीम लीडर, एच0डब्ल्यू0सी0,
- श्री सुरेश कुमार मौर्य– प्रोग्राम असिस्टेंट, आर0आई0, एन0एन0एच0

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पत्रांक –एस0पी0एम0यू/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2023–24/04/320–2 दिनांक 13 अप्रैल, 2023 में प्रदत्त निर्देशानुसार उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 29 मई, 2023 से 02 जून, 2023 तक जनपद–देवरिया का भ्रमण कर स्वास्थ्य इकाईयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर तथा सामुदायिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया।

<u>दिनांक 29 मई, 2023,</u>

दिनांक 29 मई, 2023 को सायंकालीन मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद देवरिया से मुलाकात कर मिशन निदेशक महोदया के निर्देशों के कम में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण के उद्देश्य से से अवगत कराया गया। मुख्यचिकित्साधिकारी द्वारा जनपद में स्वास्थ्य इकाई के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया तथा चल रहे कार्यकमों से भी अवगत कराया गया। तत्पश्चात् जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के सहयोग से जनपद स्वास्थ्य इकाई का भ्रमण किया गया।

<u>दिनांक 30 मई, 2023, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गौरीबाजार, देवरिया</u>

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत आर0बी0एस0के0 की 02 टीम, सी0एच0ओ0–21, ए0एन0एम0–29, आशा संगिनी–15, आशा–243 उपकेन्द्र–38 हैं।
- स्वास्थ्य इकाई में कुल 07 मेडिकल ऑफिसर तैनात हैं।
- प्रांगण में पार्किंग की व्यवस्था सही नहीं पाई गई। दो पहिया वाहन प्रांगण में इधर–उधर खड़े पाए गए।
- ई–कवच पोर्टल पर वीएचआईआर इम्यूनरेशन 99.98 प्रतिशत पूर्ण कर ली गई है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन लगभग 200 से 250 की ओ.पी.डी. होती है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे प्रतिमाह लगभग 250 से 300 की डिलीवरी होती है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्ड चेन प्वाइंट भी है। कोल्ड चेन प्वाइंट बंद होने के कारण निरीक्षण नहीं किया गया।
- ई–सुश्रत पोर्टल के माध्यम ओ0पी0डी0 के पर्चे बनाए जा रहे हैं। भ्रमण के समय दिनांक 01 मई से 30 मई, 2023 तक कुल 862 मरीजों के पर्चे ई–श्रुति के माध्यम से बनाए गए हैं।
- पैथालोजी में सभी प्रकार की जांचे निःशुल्क की जाती है। मरीजों के स्पुटम की सैंपल के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं थी।
- इकाई में जनरल वार्ड में कुल 11 बेड पाये गए। कोई भी भर्ती मरीज नहीं थे।
- बी0एस0यू0 कियाशील नहीं है।
- ई0टी0सी0 वार्ड में कोई भी मरीज भर्ती नहीं पाए गए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वार्ड में ए0सी0 चल रहा था। अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित स्टाफ से इसको बन्द करने के लिए कहा गया।
- एन0बी0एस0यू0 वार्ड का निरीक्षण किया गया। वार्ड में 3 रेडियेंट वार्मर पाए गए। 01 रेडियेंट वार्मर कार्य नहीं कर रहा था। इसको सही करने के लिए कहा गया।
- एन0बी0एस0यू0 वार्ड में डिलीवरी रजिस्टर पाया गया। उपस्थित स्टाफ को बताया गया कि यह रजिस्टर लेबर रूम में होना चाहिए।

- लेबर रूम में महिला के डिलीवरी होने के कारण लेबर रूम का निरीक्षण ठीक से नहीं किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉफ नर्स सुश्री मीनी पाण्डेय उपस्थित पाई गई। लेबर रूम में आक्सीजन सिलेण्डर नहीं पाया गया। पूछने पर स्टाफ द्वारा बताया गया कि आज ही सिलेण्डर खत्म हो गया है।
- ब्लॉक इकाई पर ब्लॉक कम्युनिटी मैनेजर का पद रिक्त है।
- इकाई पर हेल्थ ए0टी0एम0 लगा हुआ है, जिसका पूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है।
- मरीजों को खाना स्वंय सहायता समूह के परिचाालित किचन के माध्यम से दिया जाता है। किचन में ताला लगा पाया गया। जिस कारण किचन का निरीक्षण नहीं किया जा सका। भर्ती मरीज के खाना के बारे में पूछा गया परन्तु कुछ स्पष्ट पुष्टि नहीं हुई कि मरीजों को खाना मिलता है या नहीं।

**<u>दिनांक 30 मई, 2023 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, लबकनी, गौरीबाजार</u>**

- हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के सी0एच0ओ0 राजन शर्मा की आज दिनांक 30 मई, 2023 को विवाह होने के कारण सेंटर बंद पाया गया।
- उपकेन्द्र के मुख्य भवन व हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के अतिरिक्त कक्ष की एक्सटर्नल ब्राडिंग का कार्य अच्छी तरह से किया गया।

**<u>दिनांक 30 मई, 2023 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–बखरा, गौरीबाजार</u>**

- स्वास्थ्य इकाई में एक्सटर्नल एवं इण्टर्नल ब्राडिंग का कार्य नहीं हुआ है।
- स्वास्थ्य इकाई में आई0ई0सी0 नहीं पाई गई।
- स्वास्थ्य इकाई में मेडिकल ऑफिसर डा0 ए0पी0एन0 सिंह तैनात हैं।
- स्वास्थ्य इकाई में संविदा लैब टेक्नीशियन तैनात है परन्तु वह इकाई उपस्थित नहीं पाये गये। चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि उनकी ड्यूटी प्लस पोलियों में लगी है। अतः वह क्षेत्र में है।
- स्वास्थ्य इकाई में संविदा के स्टाफ नर्स तैनात है।
- स्वास्थ्य इकाई में एक माह में लगभग 10 डिलीवरी की जाती है।
- ओ0पी0डी0 प्रतिमाह लगभग 1000 की होती है।
- लेबर रूम में पावर बैकअप की व्यवस्था सही नहीं है।
- लेबर रूम में पंखा नहीं लगे पाए गए।
- लेबर रूम में कॉर्ड क्लेम्प नहीं पाया गया।
- दिनांक 15 फरवरी, 2023 के बाद कोई भी दवा की इंडेन्ट नहीं की गई।
- स्टॉक बुक में दवा की Consumption का रिकार्ड ठीक प्रकार अधुनांत नहीं किया जा रहा था।
- स्वास्थ्य इकाई पर चिकित्साधिकारी के पास कम्प्युटर व प्रिन्टर उपलब्ध नहीं था।
- स्वास्थ्य इकाई द्वारा एच0डब्ल्यू0सी0 पोर्टल पर किसी प्रकार की रिपोर्टिंग नहीं की जा रही है।

**<u>दिनांक 31 मई, 2023 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर उपकेन्द्र, बढ़या तिवारी</u>**

- सेन्टर की वाह्य एवं अन्तरिक ब्राडिंग का कार्य पूर्ण है।
- सेन्टर पर सी0एच0ओ0 सुश्री प्रियंका पटेल उपस्थित पाई गई।
- केन्द्र के अन्तर्गत कुल 10 आशा तैनात हैं।
- ए0एन0एम0 सुश्री संगीता पाल तैनात हैं।
- डी0वी0डी0एम0 पोर्टल के माध्यम से दवा की इंडेन्ट की जाती है।

- स्पुटम का ट्रांसपोर्टेशन किया जाता हैं
- केन्द्र के अन्तर्गत 01 टी0बी0 के मरीज की दवा चल रही है।
- बी0पी0 मशीन व ग्लूकोमीटर उपलब्ध पाई गई।
- केन्द्र पर बी0पी0 की दवायें प्रयाप्त मात्रा में उपलब्ध है किन्तु शुगर की दवा उपलब्ध नहीं थी।
- सेन्टर पर प्रतिमाह लगभग 400 से 450 मरीज की ओ0पी0डी0 होती है।
- हीमोग्लोबीन टेस्ट किट उपलब्ध पाई गई।
- ई–संजीवनी के अन्तर्गत 50–52 मरीज की ओ0पी0डी0 की जाती है।
- केन्द्र पर आई0ई0सी0 मैटेरियल नहीं पाया गया।
- सी0एच0ओ0 को लैपटॉप प्रिन्टर उपलब्ध कराया जा चुका है।
- सी0एच0ओ0 द्वारा समस्त रिपोटे एच0डब्ल्यू0सी0 पोर्टल पर अपलोड की जा रही है।
- सी0एच0ओ0 द्वारा स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। 436 लाभार्थियों का स्क्रीनिंग की जा चुकी है।
- केन्द्र पर योग सत्र का आयोजन किया जा रहा था। योग सत्र संचालक/शिक्षा मित्र द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा था। योग सत्र में लगभग 25 लोग सम्मिलित थे।
- जन आरोग्य समिति गठित है व प्रत्येक माह बैठक की जा रही है।

**<u>दिनांक 31 मई, 2023, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर उपकेन्द्र, मुण्डेरा बुजुर्ग, ब्लाक–मझगंवा, देवरिया</u>**

- केन्द्र पर पूर्व में ब्राडिंग का कार्य कराया गया था, जो कि खराब हो चुका है। पुनः ब्राडिंग कराने की आवश्यकता है।
- उपकेन्द्र में आई0ई0सी0 समाग्री प्रदर्शित नही है।
- हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर पंखा नहीं लगे पाए गए।
- सेन्टर पर सी0एच0ओ0 सुश्री कंचन उपस्थित पाई गई।
- ए0एन0एम0 सुश्री प्रेमशीला पोलियो की दवा पिलाने फील्ड में गई हुई थी।
- केन्द्र के अन्तर्गत कुल 10 आशा तैनात हैं।
- सेन्टर पर रनिंग पानी की व्यवस्था नहीं है।
- सेन्टर पर बिजली की व्यवस्था ठीक प्रकार से नहीं है।
- सी0एच0ओ0 द्वारा उपस्थिति पोर्टल पर की जा रही है।
- डी0वी0डी0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से दवा की इन्डेट की जा रही है।
- सेन्टर पर प्रतिदिन लगभग 15 से 20 मरीज की ओ0पी0डी0 होती है।
- सेन्टर पर बी0पी0 के 72 मरीज एवं सुगर के 64 मरीज हैं।
- सेन्टर पर हीमोग्लोबीन, प्रेगनेन्सी किट, मलेरिया किट, डेंगू किट, सिफलिस किट उपलब्ध नहीं पाई गई।
- सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि विगत 3 माह से डायबिटीज की दवा नहीं है।
- निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा सी.एच.ओ. को बताया गया कि 14 टेस्ट वाला सामान जरूर होने चाहिए। यदि सामान नहीं है तो जिला स्तर से सम्पर्क कर उन्हें मंगा लेना चाहिए।
- भरे हुए सी–बैक फार्म इकाई पर उपलब्ध थे, अभी तक कुल 1101 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की गयी है।
- सी0एच0ओ0 द्वारा प्रति माह औसतन 50–55 टेलीकन्सलटेशन किया जा रहा है।
- जन आरोग्य समिति गठित है व प्रत्येक माह बैठक की जा रही है।

Suresh

**दिनांक 31 मई, 2023, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–बतरौली, ब्लाक, मझगवां देवरिया**

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बतरौली पर जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के कम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के कुछ स्टाफ को वहां पर शिफट स्टाफ के द्वारा कार्य किया जाता है।
- बी0पी0एम0यू0 स्टाफ एवं अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां में बैठते हैं।
- केन्द्र पर मेडिकल ऑफिसर डा0 प्रीतू पाण्डेय की तैनाती की गई है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिलीवरी प्वाइंट है, परन्तु इमरजेंसी मरीज को यहां पर नहीं देखा जाता है। देवरिया सदर में रेफर कर दिया जाता है।
- स्वास्थ्य इकाई पर कोई भी ओ0टी0 इक्यूपमेंट नहीं है।
- स्वास्थ्य इकाई की बिल्डिंग अभी सही नहीं हैं। प्रांगण में प्रचार–प्रचार आई0ई0सी0 नहीं लगे पाये गए।
- स्वास्थ्य इकाई में नियमित टीकाकरण का कार्य भी नहीं किया जाता है।
- कोल्ड चेन प्वाइंट इकाई नहीं है।
- स्वास्थ्य इकाई में लगभग 40 की ओ0पी0डी0 की जाती है।
- स्वास्थ्य इकाई मेन रोड से लगभग 3 कि0मी0 दूर स्थित होने तथा ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा न होने की वजह से मरीज बहुत कम ही आते हैं। यहां के स्टॉफ मोबिलाईज करके मरीज को बुलाने का कार्य किया जाता है।

**दिनांक 31 मई, 2023, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–मझगवां, देवरिया**

- भ्रमण के दौरान अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित पाए गए।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कोल्ड चेन प्वाइंट का भ्रमण किया गया । कोल्ड चेन प्वाइंट में कुल 02 आई0एल0आर0, 03 डीप फ्रिजर एवं 02 कोल्ड बाक्स पाए गए।
- 01 आई0एल0आर0 में तापमान 32 डिग्री दिखाने की वजह से वह खराब अवस्था में पडा था।
- सभी वैक्सीन उपलब्ध पाए गए। पी0सी0वी0 की भौतिक सत्यापन भी किया गया। स्टॉक एवं रजिस्टर में पी0सी0वी0 की कुल 625 डोज पाए गए।
- केन्द्र के अन्तर्गत कुल 17 सी0एच0ओ0 कार्यरत हैं।
- स्वास्थ्य इकाई में एल0एम0ओ0 आयुष की हैं।
- ए0एन0सी0 रजिस्टर में हर ए0एन0सी0 में न्यू इंट्री की जाती है। जिससे महिलाओं की ए0एन0सी0 की ट्रैंकिंग ठीक से नहीं हो पा रही है। टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि ए0एन0सी0 की रिकार्ड रजिस्टर में ठीक प्रकार से किया जाए।
- स्टॉफ नर्स द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य इकाई में प्रतिमाह 90 से 100 डिलीवरी हो जाती है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जे0एस0के0 के अन्तर्गत भोजन दिया जाता है।
- लेबर रूम में आक्सीजन सिलेण्डर खाली पाया गया। सिलेण्डर के साथ चाबी भी लगी नहीं पाई गई।
- लेबर रूम में रनिंग वाटर की व्यवस्था थी।
- लेबर रूम में काफी पुरानी अवस्था में लग रही थी। इसकी रंगाई पुताई भी नहीं की गई थी।
- लेबर रूम में 07 ट्रे पाए गए।
- रेडिएंट वार्मर कियाशील अवस्था में थे।
- सी0एच0ओ0 के वेतन भुगतान माह अप्रैल, 2023 तक का व पी0बी0आई0 भुगतान माह मार्च, 2023 तक का किया गया है।
- आशाओं का प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान माह अप्रैल, 2023 तक पूर्ण है।

**दिनांक 31 मई, 2023, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर उपकेन्द्र, इजरही, देवरिया सदर, देवरिया**

- हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर ब्राडिंग का कार्य पूर्ण है।
- हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर पंखा नहीं लगे पाए गए।
- सेन्टर पर सी0एच0ओ0 सुश्री निरूपा राज उपस्थित पाई गई।
- केन्द्र के अन्तर्गत श्रीमती उर्मिला देवी, ए0एन0एम0 तैनात हैं।
- सेन्टर पर रनिंग पानी की व्यवस्था नहीं है।
- सेन्टर पर बिजली की व्यवस्था ठीक प्रकार से नहीं है।
- सी0एच0ओ0 द्वारा उपस्थिति पोर्टल पर की जा रही है।
- डी0वी0डी0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से दवा की इन्डेट की जा रही है।
- सेन्टर पर प्रतिदिन लगभग 15 से 20 मरीज की ओ0पी0डी0 होती है।
- सी0एच0ओ0 द्वारा सेन्टर पर बी0पी0 एवं सुगर के मरीज कितने हैं, रिकार्ड सही से नहीं बता पाई।
- हाईपरटेंशन के कुल 65 मरीज हैं।
- सेन्टर पर हीमोग्लोबीन, प्रेगनेन्सी किट, मलेरिया किट, डेंगू किट, सिफलिस किट उपलब्ध नहीं पाई गई।
- केन्द्र पर आई0ई0सी0 एवं इन्टर्नल ब्राडिंग नहीं की गई थी।
- सी0एच0ओ0 द्वारा टेलीकन्सलटेशन की सेवा दी जा रही है। प्रति माह औसतन 60 टेलीकन्सलटेशन किया जा रहा है।
- निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा सी.एच.ओ. को बताया गया कि 14 अनिवार्य जॉचों हेतु आर0डी0के0 यदि उपलब्ध नहीं है तो जिला स्तर से सम्पर्क कर उन्हें मंगा लेना चाहिए।
- टीम द्वारा सी0एच0ओ0 को सुझाव दिया गया कि यहां पर आपकी तैनाती ओ0पी0डी0 के लिए नहीं की गई है। एन0सी0डी0 की स्क्रिनिंग एवं फालोअप के साथ–साथ योगा इत्यादि पर फोकस की जानी चाहिए।
- सेंटर के सामने उपकेन्द्र का मुख्य भवन जर्जर अवस्था में होने के कारण आर0आई0 पंचायत भवन में किया जाता है।
- केन्द्र पर जन आरोग्य समिति गठित है व प्रत्येक माह बैठक की जा रही है।

**दिनांक 01 जून, 2023, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चकियावाढ़ाला, देवरिया**

- स्वास्थ्य इकाई में कुल 06 कमरे बने हैं।
- स्वास्थ्य इकाई में स्टाफ नर्स–01, मेडिकल ऑफिसर–02, ए0एन0एम0–04, फार्मासिस्ट–01, सफाई कर्मी–01, सर्पोटिव स्टाफ–01, आशा–16 हैं।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चकियावा ढाला में मेडिकल ऑफिसर डा0 सुधाकर सिंह तैनात हैं।
- स्वास्थ्य इकाई में प्रतिदिन लगभग 40–45 ओ0पी0डी0 की जाती है।
- स्वास्थ्य इकाई में अभी हाल में डिलीवरी की सेवाएं शुरू की गई है।
- केन्द्र पर रविवार के दिन टीकाकरण की संख्या बहुत कम है। रिकार्ड का निरीक्षण करने पर संज्ञान में आया कि पिछले रविवार में 01 एवं शून्य टीकाकरण की गई है।
- वहां के स्टाफ के द्वारा अवगत कराया गया कि यहां पर मोबिलाइजेशन की कमी के कारण टीकाकरण की संख्या बहुत कम है।
- टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि रविवार को टीकाकरण की संख्या बढ़ाने के लिए आई0ई0सी0, प्रचार–प्रसार का उपयोग किया जाए।
- स्वास्थ्य इकाई पर चिकित्साधिकारी द्वारा टेलीकन्सलटेशन की सेवायें दी जा रही है।

**दिनांक 01 जून, 2023, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–लार, देवरिया**

- स्वास्थ्य इकाई में डा0 बी0वी0 सिंह चिकित्सा अधिक्षक तैनात हैं।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत आर0बी0एस0के0 की 02 टीम, सी0एच0ओ0–10, ए0एन0एम0–28, आशा–350 है।
- सी0एच0ओ0 के वेतन भुगतान माह अप्रैल, 2023 तक का व पी0बी0आई0 भुगतान माह मार्च, 2023 तक का किया गया है।
- आशाओं का प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान माह मार्च, 2023 तक का दिया गया है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन लगभग 200 से 250 की ओ.पी.डी. होती है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे प्रतिमाह लगभग 125 से 150 की डिलीवरी होती है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्ड चेन प्वाइंट भी है।
- पैथालोजी में सभी प्रकार की जांचे निःशुल्क की जाती है।
- स्वास्थ्य इकाई में पोलियो ट्रांजिट टीम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 30 बच्चों की जांच की गई एवं 15 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।
- लेबर रूम में रेडियेन्ट वार्मर कियाशील अवस्था में पाए गए।
- रेडियेन्ट वार्मर में लो बर्थ बेबी को रखने के लिए लागबुक बनाने के निर्देश दिए गए।
- बी0एस0यू0 यूनीट कियाशील नहीं है।
- कोल्ड चेन कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान आई0एल0आर0–03, डीप फिजर–03 पाए गए।
- ई–विन एप एवं वैक्सीन स्टाक रजिस्टर अधुनांत नहीं पाए गए। कोल्ड चेन हैण्डलर द्वारा वैक्सीन स्टाक रजिस्टर अपडेट नहीं किया जा रहा है।
- लाग बुक के रजिस्टर देखने पर ज्ञात हुआ कि डी फास्ट 15 दिनों में नहीं किया जा रहा है।

दिनांक 01 जून, 2023, अपरान्ह् 3.00 बजे से मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, धनवन्तरी सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारियों, ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण का फीडबैक साझा किया गया तथा पाई गई कमियों के सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**नोट–दिनांक 28 मई, 2023 को पल्स पोलियो अभियान के बी–टीम एक्टिवीटी के कारण सामुदायिक गतिविधियां जैसे–वी0एच0एन0डी0/टीकाकरण सत्रों का भ्रमण नहीं किया जा सका।**

Suresh

(सुरेश कुमार मौर्य)
**प्रोग्राम असिस्टेंट, आर0आई0**

(अजय कुमार शर्मा)
**टीम लीडर, एच0डब्ल्यू0सी0, कम्यूनिटी प्रोसेस**